समाचार

# मुख्यमंत्री ने किया पेयजल आवर्धन योजना भाग–2 का लोकार्पण




कोरबा 12 अक्टूबर 2019– मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के पेयजल आवर्धन योजना भाग–2 का लोकार्पण किया। यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा के कोरबा पश्चिम क्षेत्र के वार्ड क्र. 43 से वार्ड क्र. 67 तक के 25 वार्डो हेतु अमृत मिशन योजनांतर्गत 230 करोड़ रूपये की लागत से पेयजल आवर्धन योजना भाग–2 का क्रियान्वयन कर उक्त 25 वार्डो हेतु आगामी 30 वर्ष की जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सतही जल आधारित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, इस योजना के तहत 29 एम.एल.डी.क्षमता का जल उपचार संयंत्र इंटकवेल सहित स्थापित कराया गया है तथा 01 नग एम.वी.आर. व 13 नग उच्च जलागारों का निर्माण कराया गया है, साथ ही योजना के अंतर्गत 387 किलोमीटर विभिन्न ब्यास की पाईप लाईनें बिछाई गई हैं। उक्त योजना के क्रियान्वयन होने से कोरबा पश्चिम के शत प्रतिशत क्षेत्र में शुद्ध व पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए बरसों से व्याप्त पेयजल की समस्या को दूर किया गया है। लोकार्पण अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, कोरबा जिला प्रभारी मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, राज्य सभा सदस्य श्रीमती छाया वर्मा, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, विधायक पुरूषोत्तम कंवर एवं मोहित केरकेट्टा, पूर्व विधायक बोधराम कंवर एवं श्यामलाल कंवर, कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा, जिला पंचायत सी.ई.ओ. एस.जयवर्धन एवं आयुक्त श्री राहुल देव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।